

# दतिया जिले में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

**कलेक्टर ने तत्काल भेजा सर्वेक्षण दल**

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 4 अप्रैल।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के निर्देश अनुसार शनिवार को दतिया जिले के ग्राम रोहेरा में दोपहर में हुई भारी ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का तहसीलदार द्वारा तत्काल मोके पर पहुंचकर सर्वेक्षण किया गया। ओलावृष्टि की सूचना मिलते ही तत्काल तहसीलदार एवं कृषि विभाग की टीमों को सर्वेक्षण के निर्देश दिए। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया, जिसमें नुकसान का प्रतिशत, प्रभावित किसानों की संख्या एवं क्षेत्रफल का ब्योरा दर्ज किया गया। यह सर्वेक्षण राज्य सरकार की फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा वितरण के लिए आधारभूत होगा।

## अफीम व एमडी ड्रग्स जब्त, 3 अरेस्ट

**इंदौर, 04 अप्रैल.** नारकोटिक्स विंग इंदौर ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अलग अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कार्रवाई में अफीम और एमडी ड्रग्स बड़ी मात्रा में बरामद की गई है. उप पुलिस अधीक्षक संतोष हाड़ा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पोलो ग्राउंड क्षेत्र से 22 वर्षीय राज बेहाल निवासी शास्त्री नगर, खंडवा को पकड़ा है. तलाशी में उसके पास से 1 किलो 111 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 5.10 लाख रुपए आंकी गई है. वहीं दूसरी कार्रवाई में टीम ने अर्जुन बड़ोद शिप्रा रोड स्थित श्रीराम ढाबे के पास घेराबंदी कर बिना नंबर की बाइक पर सवार दो संदिग्धों को पकड़ा.

# भविष्य में जल संकट गंभीर हो सकता है : लिटौरिया

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बिछोदना में कुआं एवं पहूज नदी पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 4 अप्रैल।** जल स्रोतों को स्वच्छ और सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य लोगों को जलाशयों की साफ-सफाई, वर्षा जल संरक्षण, बोरी बंधान जैसे उपायों के माध्यम से जल बचाने के लिए प्रेरित करना है। यदि आज हम जल को संरक्षित नहीं करेंगे, तो भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को जल बचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उक्त बात मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड भांडेर के ब्लॉक समन्वयक शैलेंद्र लिटोरिया ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कही।



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड भांडेर के ग्राम बिछोदना में 'सेवा समागम कार्यक्रम के तहत मंदिर के पास स्थित कुएं एवं पहूज नदी पर सफाई एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, छात्रों एवं समिति सदस्यों ने मिलकर कुएं और नदी की साफ-सफाई की तथा जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिछोदना के अध्यक्ष, सचिव, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। यह आयोजन ग्राम स्तर पर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

# रतनजोत के बीज खाने से चार बच्चे बीमार

**आईसीयू में भर्ती, उपचार जारी**

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 4 अप्रैल।** दतिया जिले के ग्राम भदोना में रतनजोत के बीज खाने से चार बच्चे बीमार हो गए। जानकारी के अनुसार, बच्चों के पिता चौहान सिंह अपने दो बेटों और दो बेटियों को लेकर खेतों में काम करने चंदेरी से आए थे।खेलते समय बच्चों ने गलती से रतनजोत के बीज खा लिए, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। बीमार बच्चों में नकुल (12 वर्ष), नम्रता (5 वर्ष), सहदेव (4 वर्ष) और राजदुलारी (2 वर्ष) शामिल हैं।

स्थिति बिगड़ने पर परिजन शुक्रवार रात सभी बच्चों को जिला चिकित्सालय दतिया लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में भर्ती कर लिया, जहां उनका इलाज जारी है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक मिली जानकारी के अनुसार, बच्चों की हालत में सुधार बताया जा रहा है और चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी है।

## अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी तथा गहने चुराये

**इन्दरगढ़, 4 अप्रैल।** सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा नगदी तथा गहने चुराने का मामला प्रकाश में आया है। घटना लाँच थाना क्षेत्र के लाँच तिराहे के पास शनिवार रात की वताई है। पीडित की सूचना पर लाँच पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तिराहे के पास फरियादी संतोष पुत्र पन्नालाल प्रजापति (45) ने शनिवार सुवह के समय बताया कि कि मेरा परिवार राजस्थान में तथा घर पर मेरी माँ अकेली रहती है विगत 28, मार्च को माँ भी राजस्थान पंहुच गई थी, 3, अप्रैल को घर वापस आये तो देखा कि अंदर कमरे का ताला टूटा तथा बक्से में रखे गहने कीमती करीव 95000, हजार व 45000 रु की नगदी भी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। जिसकी सूचना पुलिस को देने पर पंहुची पुलिस ने जाँच उपराँत मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

## पेयजल समस्या के समाधान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**ड्यूटी कर्मियों के मोबाइल नंबर जारी**

दतिया ब्यूरो। आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिले में पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड दतिया द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम उपखंड कार्यालय दतिया में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 07522-299145 है। यहां कंट्रोल रूम प्रभारी के रूप में सहायक यंत्री अजय वर्मा मो. 96444-05908 को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ संविदा हैंडपंप तकनीशियन मुकेश प्रजापति मो. 97528-13290 एवं उमेश श्रीवास्तव मो. 74158-70388 को शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त टेली ऑपरेटर भैरव सक्सेना मो. 91796-34799 भी कंट्रोल रूम में सेवाएं देंगे।

## प्रेम प्रसंग के विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भाण्डेर क्षेत्र की घटना, परिजनों ने प्रेमी पर लगाए आरोप, जांच में जुटी पुलिस**

**दतिया, ब्यूरो।** जिले के भांडेर क्षेत्र में एक 45 वर्षीय महिला ने शुक्रवार रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान तिघरा खिरिया निवासी ममता पत्नी राजेंद्र दोहरे के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला ने रात करीब साढ़े 9 बजे साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही भांडेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिला का एक युवक से प्रेम प्रसंग था और शुक्रवार रात दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के कुछ देर बाद ही महिला ने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**उनाव, 4 अप्रैल।** थाना उनाव ने बलात्कार के प्रकरण में फरार आरोपी नीतू पुत्र देवीदास आदिवासी निवासी परासरी थाना उनाव जिला दतिया को थाना उनाव पुलिस ने किया गिरफ्तार । घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुए उनाव थाना प्रभारी .यतेंद्र भदौरिया ने बताया कि 3 मार्च को आरोपी के विरुद्ध पीड़िता ने आरोपी नीतु आदिवासी के विरुद्ध जबरदस्ती अपहरण करने तथा सुनसान जगह ले जाकर गलत काम करने संबंधी रिपोर्ट की थी जिस पर से आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट मामला का दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उन्होंने बताया कि 4 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर से आरोपी नीतू आदिवासी पुत्र देवीदास आदिवासी निवासी परासरी थाना उनाव जिला दतिया को राजापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया जाकर जेआर पर माननीय न्यायालय दतिया पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने से आरोपी को जिला जेल दतिया में दाखिल किया गया।



## शिक्षा के नाम पर शोषण नहीं होने देंगे, प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**दतिया, 4 अप्रैल।** कुछ दिनों से शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर दबाव बनाकर निर्धारित दुकानों से महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने कार्रवाई की। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े के निर्देश पर एडीएम संतोष तिवारी एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न बुक स्टॉल्स पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किताबों पर अंकित बिक्री पर दिए जा रहे बिल तथा पुस्तकों के प्रकाशन की गुणवत्ता एवं मान्यता की जांच की गई। कार्रवाई के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जबरन बिक्री या अनियमितता शिक्षा क्षेत्र में न हो। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है अभिभावकों के हितों से समझौता नहीं होगा और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी।

# गर्मियों में भैंसों की देखभाल बेहद आवश्यक



**विशेषज्ञों ने जारी की एडवाइजरी**

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 4 अप्रैल।** रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, नोनेर दतिया के वैज्ञानिकों ने बुन्देलखण्ड क्षेत्र के भैंस पालकों के लिए ग्रीष्मकालीन पशु प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। महाविद्यालय के डॉ. दीपक उपाध्याय एवं डॉ. दिव्यांशु सिंह तोमर ने बताया कि अप्रैल और मई माह में पड़ने वाली भीषण गर्मी एवं 'लू' भैंसों के स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन पर गंभीर प्रभाव डालती है। भैंसों की त्वचा काली होने और पसीने की ग्रंथियां कम होने के कारण उन्हें गर्मी अधिक लगती है, इससे दूध उत्पादन में गिरावट आती है तथा हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है।

विशेषज्ञों ने भैंस पालकों को निम्न सावधानियां अपनाने की सलाह दी है भैंसों को दिन में कम से कम दो बार ठंडे पानी से नहलाएं। यदि आसपास नदी, नहर या तालाब उपलब्ध हो, तो भैंसों को उसमें तैराने ले जाएं। पशु बाड़े की दिशा पूर्व-पश्चिम रखें तथा छत पर घास-फूस डालें या सफेद चूने से पुताई करें। गर्म हवाओं से बचाव के लिए खिड़कियों पर गीली टाट, बोरी लगाएं। भैंसों को कभी भी सीधी धूप में न बांधें।

पशुओं को चराने के लिए सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाहर न निकालें। पानी और आहार पर विशेष ध्यान गर्मी में पानी की खपत 50: तक बढ़ जाती है, इसलिए दिन में कम से कम चार बार पानी पिलाएं। बाड़े में हौदी बनाकर 24 घंटे स्वच्छ व ठंडा पानी उपलब्ध कराएं। आहार में हरा चारा (मक्का, बाजरा) शामिल करें। शरीर में लवणों की पूर्ति हेतु 50द70 ग्राम मिनरल मिक्सचर प्रतिदिन दें। दुधारू भैंसों को 100द200 ग्राम बाईपास फैट देना लाभकारी है, इससे बिना अतिरिक्त गर्मी उत्पन्न किए ऊर्जा मिलती है।

विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मी के मौसम में भैंसों में अक्सर च्मूक मदज्ञ (साइलेंट हिट) के लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे में किसानों को रात या भोर के समय प्रजनन संकेतों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन उपायों को अपनाकर भैंस पालक अपने पशुओं को गर्मी के दुष्प्रभाव से बचाते हुए उनके स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन को बनाए रख सकते हैं।

## ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला

**रीवा.** जिले के रामनई हाईवे के पास आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए उन्हें कुचल दिया. हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि अपुष्ट सूत्रों के अनुसार एक व्यक्ति की मौत होने की खबर सामने आ रही है. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और हादसे को लेकर आक्रोश जताया. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है .वहीं इस दुर्घटना के बाद रीवा जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही. सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ जाम खुलवाने का प्रयास शुरू किया.

## वीरांगना झलकारी बाई की 168वीं अमर शहीद बलिदान मना

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 4 अप्रैल।** वीरांगना झलकारी बाई की 168वीं अमर शहीद बलिदान दिवस जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कोरी समाज द्वारा झलकारी बाई समुदाय भवन, सीता सागर बाईपास पर श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्रार्यक्रम की शुरुआत कोरी समाज के द्वारा झलकारी बाई के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात कल्याण पटवा, पहलाद माहौर, आर जे वर्मा सहित समाज के सभी उपस्थित बंधुओं ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



इस दौरान वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान को स्मरण किया गया और उनके अदम्य साहस एवं देशभक्ति पर प्रकाश डाला गया। वक्ता विनय कुमार ने उनके जीवन चरित्र पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जिस प्रकार अपने प्राणों का बलिदान देकर देश और समाज का नाम गौरवान्वित किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आभार रामस्वरूप शाक्य ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कल्याण सिंह पटवा, प्रहलाद माहोर, आर जे वर्मा, विनय कुमार पिरोनया, रवि पटवा, हरगोविंद शाक्य, रामस्वरूप शाक्य, मुरलीधर शाक्य, राजेंद्र पटवा निशार सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।



## सरस्वती विद्या मंदिर बुन्देला नगर की बहिनों ने पांचवीं बोर्ड परीक्षा में बढ़ाया विद्यालय का मान

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 4 अप्रैल।** बुंदेला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बहिनों ने कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है। तीन बहिनों ने प्राप्त किए लगभग समान अंक विद्यालय की तीन मेधावी छात्राओं बहिन उर्वशी शर्मा, बहन वैष्णवी सेन एवं बहन नव्या रावत ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

तीनों बहिनों की इस शानदार सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं बहिनों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल रहा। इस अवसर पर प्राचार्य श्री संतोष कुमार दुबे इकाई प्रमुख श्रीमती आभा गुप्ता 'कक्षा आचार्या श्रीमती माधुरी शुक्ला, आचार्य श्री राघवेंद्र दांगी उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ जनों ने बहिनों को मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और उनके उज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं।

प्राचार्य जी ने बहिनों की सफलता का श्रेय उनकी लगन और शिक्षकों व अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों को दिया।

## मिश्रा ने स्व . पार्षद के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की

**दतिया, 4 अप्रैल।** दतिया भाजपा नेता डॉ. विवेक मिश्रा ने स्वर्गीय पार्षद कल्लू कुशवाहा के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।साथ में भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाह, जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी, प्रशांत ढेगुला, श्याम सिंह यादव, अजय कुशवाह, पार्षद मानसिंह कुशवाह युवा मोर्चा अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता साथ में मौजूद रहे।

# प्रत्येक बच्चा विद्यालय से जुड़े और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे : अहिरवार

उनाव प्रतिनिधि। प्रवेशोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के उज्वल भविष्य की शुरुआत है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बच्चा विद्यालय से जुड़े और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों को एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। उक्त बात मुख्य अतिथि जनशिक्षक राजेन्द्र अहिरवार ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय धमना में नवीन शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में बच्चों को नई पुस्तकों का वितरण कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। संचालन कीरत सिंह अहिरवार ने किया। कार्यक्रम में बी.आर.सी. पुरूषोत्तम पाठक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



**शासकीय माध्यमिक विद्यालय धमना में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पुस्तक भेंट करते मुख्य अतिथि।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान सुमानी खान ने कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत है। आज का यह कार्यक्रम बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम है। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि वे बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। इस अवसर पर महेन्द्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती उर्मिला शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में समस्त कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी सरकार

भोपाल, 4 अप्रैल. राज्य सरकार मौजूदा सीजन में 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी करेगी. ये पिछले वर्ष खरीदी गई 77 लाख मीट्रिक टन से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है. मौजूदा सीजन के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने खरीदी के लिए लक्ष्य तय कर दिया है.

प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकॉर्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है. किसानों को इस वर्ष 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ ही 40 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा. इस वर्ष किसानों का पंजीकृत रकबा 41.58 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया है, जो विगत वर्ष से 6.65 लाख हेक्टेयर अधिक है. किसानों को उपार्जन केन्द्रों पर इंतजार न करना पड़े, इसके लिए उपार्जन प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है. इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 10 से तथा शेष संभागों में 15 से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन प्रारंभ किया जाएगा.

# चार साल की उम्र से 20 साल के बच्चों ने दिखाया कमाल

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 4 अप्रैल।** पंडोखर सरकार धाम में 30 वाँ महोत्सव में सांस्कृति मंच पर दूसरे दिवस शुक्रवार की रात्रि में खेल ग्रुप भोपाल से मलखम्भ का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें 4 साल से लेकर 20 साल तक के बच्चों ने सांस्कतिक मंच पर ऐसा कमाल दिखाया कि वहां पर बैठे गुरुशरण महाराज ने जहां दांतो तले उंगली दबा ली वही दर्शक भी इसे देख आश्चर्य चकित रह गए।

कार्यक्रम की शुरुआत में गुरुशरण महाराज के शिष्य पंडित उमाशंकर शास्त्री द्वारा सभी छोटे बड़े बच्चो कलाकारों का फूलमाला पहनाकर इस मलखम्भ खेल ग्रुप भोपाल से आये छोटे-छोटे बच्चे तथा बच्चियां शामिल थी जिनमें प्रमुख रूप से आर्यन, राहुल पाल, तरुण खजुराहो, सागर चौहान, युवराज राय, महक सैन्य, पायल सैन्य, लव शर्मा, खुश शर्मा, मयंक सैन्य प्रमुख थे इस खेल में योगा,पोल मल्ल खम्भ तथा रुप मल्लखम्भ दिखाई ।

मंच पर पोल लगाकर उस पर दोनों हाथ फैलाकर और पैर के पंजे से हवा की तरह फैलकर




आदि कर्तव्य दिखाये जिन्हें देख दर्शक हतप्रभ रह गए इस खेल ग्रुप के डायरेक्टर राहुल पाल ने बताया कि इसमें सभी बच्चे 4 साल से 20 साल तक की उम्र के शामिल है जो सभी इंगलिश टू इंगलिश है इस खेल का मतलब यह है कि चुस्ती, सुस्ती, फुर्ती, तंदुरुस्ती, ताकत शरीर में लचीलापन, आता है हमारे इस ग्रुप में 15 बच्चे शामिल हैं कार्यक्रम के अंत में गुरशरण महाराज द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की जानकारी समिति के सदस्य मुकेश गुप्ता द्वारा दी गई।

## मध्यप्रदेश के 42 जिलों में बारिश का अलर्ट

**भोपाल, 04 अप्रैल.** मध्यप्रदेश में मौसम के मिजाज में शुक्रवार को बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा. मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव ने पूरे प्रदेश को चिंता में डाल दिया है.वर्तमान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन सक्रिय होने के साथ-साथ उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दो नए वेदर सिस्टम बनने से प्रदेश के बड़े हिस्से में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया. मौसम विभाग ने शुक्रवार को 42 जिलों में अलर्ट जारी किया है, जिनमें से 9 जिलों में ओले गिरने की संभावना भी है. गुरुवार को प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई.